प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/5912 दिनांकः 17 जून, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्रचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2021-22 के सम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के सभी पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर, बी0टेक एवं बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर के साथ ही एम0टेक0,एम0फार्म एवं एम0आर्क पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं का परीक्षा फार्म भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सत्र 2021-22 के सम सेमेस्टर के सभी पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर, बी0टेक एवं बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर के साथ ही एम0टेक0,एम0फार्म एवं एम0आर्क पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत रेगुलर तथा कैरी ओवर छात्र / छात्राओं की लिखित परीक्षायें **दिनांक 19 जुलाई, 2022 से दिनांक 05 अगस्त, 2022** के मध्य ऑफ-लाइन मोड में आयोजित कराया जाना निर्धारित है।

उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5781 दिनांक 07 मई, 2022 के अनुसार तद् परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राओं का **परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु दिनांक 20 जून, 2022 से दिनांक 30 जून, 2022 तक** ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि विश्वविद्यालय के आर्डिनेन्स मे निहित व्यवस्था के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही करते हुए, अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को सूचित कर निर्धारित समयावधि में परीक्षा फार्म भरवाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
Anurag Tripathi 17/06/22
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक